वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्
**Council of Scientific & Industrial Research**
अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली – 110001
Anusandhan Bhawan, 2, Rafi Marg, New Delhi – 110001

**सं. 7-3(1)/2023-R&A** **दिनांक: 28.08.2024**

# अधिसूचना

**विषय: सीएसआईआर मुख्यालय में कनिष्ठ हिंदी अनुवादक और हिंदी अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन संख्या आरएंडए/01/2023 के तहत अंनतिम रूप से चुने गए उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन करने के संबंध में।**

यह उन सभी उम्मीदवारों की जानकारी के लिए है जिन्हें विज्ञापन संख्या आरएंडए/01/2023 के तहत अंनतिम रूप से चुना गया है, जैसा कि दिनांक 21.08.2024 की समसंख्यक वेब अधिसूचना द्वारा अधिसूचित किया गया है कि इसके लिए लिखित परीक्षा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार आयोजित की जानी है:

| क्रम सं. | पद | लिखित परीक्षा की तिथि | लिखित परीक्षा कार्यक्रम | लिखित परीक्षा का शहर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक | **22 सितंबर 2024** | **पेपर-I** (1 **घण्टा**)<br>09:00 AM to 10:00 AM<br>**पेपर-II** (2 **घण्टे**)<br>11:00 PM to 01:00 PM | **नई दिल्ली** |
| 2. | हिन्दी अधिकारी | **22 सितंबर 2024** | **लिखित परीक्षा** (2 **घण्टे**)<br>03:00 PM to 05:00 PM | |

2. लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम और चयन प्रक्रिया पहले ही विज्ञापन संख्या आरएंडए/01/2023 में उल्लिखित किया जा चुका है।

3. प्रवेश पत्र जिसमें स्थान का पता और अन्य नियम व शर्तें शामिल हैं, सीएसआईआर भर्ती पोर्टल (अर्थात https://recruitment.csir.res.in) से 19.09.2024 (सुबह **10:00** बजे) से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

4. इसके अलावा, यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि आवेदक ने कोई गलत/झूठी जानकारी/प्रमाणपत्र/दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं या किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है या सीएसआईआर विज्ञापन संख्या आरएंडए/01/2023 के तहत अधिसूचित पदों के लिए पात्रता की किसी भी शर्त जैसे आवश्यक योग्यता, निर्धारित आयु सीमा, श्रेणी आदि को पूरा नहीं करता है, तो उम्मीदवारी बिना किसी और सूचना के रद्द की जा सकती है। यदि सीएसआईआर में नियुक्ति के बाद इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकती हैं। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा में शामिल होने से पहले सावधानीपूर्वक जांच लें और खुद को संतुष्ट कर लें कि वे जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, उसके लिए विज्ञापन में निर्धारित सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं।



28/08/24

5. उपरोक्त लिखित परीक्षा के लिए सीएसआईआर द्वारा कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि यदि आवश्यक हो तो वे अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करें।

6. सीएसआईआर किसी भी या सभी पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा।

7. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से अपने ई-मेल के साथ-साथ सीएसआईआर की वेबसाइट https://www.csir.res.in/ की जांच करें। किसी भी अंतरिम या टेलीफोनिक पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

28/08/24

**(सुप्रकाश हलदार)**
उप सचिव (आर एंड ए)

प्रतिलिपि:

1. सीएसआईआर की आधिकारिक वेबसाइट
2. कार्यालय की प्रति